<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

आचार्य श्री महाप्रज्ञ चातुर्मास व्यवस्था समिति

सरदारशहर – 331 403

<u>स्वागत समारोह का दूसरा चरण</u>

समय का सदुपयोग करें – युवाचार्य महाश्रमण

सरदारशहर, 29 अप्रैल,2010।

राष्ट्रसंत आचार्य महाप्रज्ञ के श्री समवसरण में पधारने के उपलक्ष में आयोजित स्वागत समारोह के दूसरे चरण को संबोधित करते हुए युवाचार्य महाश्रमण ने कहा कि आचार्यश्री के प्रवास का जितना समय मिला है उसका सद्उपयोग करें। इस प्रवास में जीवन को कलापूर्ण बनाने के लिए जागरूकता का परिचय दें। उन्होंने दीक्षा एवं जन्म भूमि पर आचार्य प्रवर का प्रवास मंगलमय हो ऐसी कामना की।

आचार्य महाप्रज्ञ के स्वागत हेतु जैन अजैन सभी संगठनों एवं लोगों में उत्साह देखते ही बन रहा था। स्वागतकर्त्ताओं की लम्बी सूची ने मंच संचालिका श्रीमती सूरज बरड़िया को भी चिंता में डाल दिया। कार्यक्रम में पत्रकार संघ अध्यक्ष मूरली बोचीवाल, भाजपा नगर मण्डल के महामंत्री गिरधारीलाल पारीख, आचार्यश्री महाप्रज्ञ चातुर्मास व्यवस्था समिति के उपाध्यक्ष राजकरन सिरोहिया, सुजानमल दूगड़, नितिन सेठिया, श्रीमती शीला संचेती, स्थानीय तेरापंथ महिला मण्डल की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती विभुदेवी बुच्चा ने अपने विचारों की प्रस्तुति देते हुए आचार्य महाप्रज्ञ का स्वागत किया।

अपनी जन्मभूमि की ओर से साध्वी पीयूषप्रभा, साध्वी इन्दुयशा, समणी सुमेधाप्रज्ञा ने अपने आराध्य का अभिनन्दन किया। साध्वी लब्धीश्री ने सरदारशहर में प्रवासित वयोवृद्ध साध्वी सोनाजी के विचारों की अभिव्यक्ति दी। सरदारशहर की साध्वियों ने समूह गीत की प्रस्तुति दी। स्थानीय तेरापंथ महिला मण्डल, ज्योति दुगड़, तेरापंथ किशोर मण्डल एवं चैन्नई से समागत परमार परिवार की बहिनों ने गीत के द्वारा अपनी भावनाएं रखी। कार्यक्रम का संचालन तेरापंथ महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती सूरज बरड़िया ने किया।

शीतल बरड़िया
(मीडिया संयोजक)